सत्यमेव जयते

Annual Report वार्षिक प्रतिवेदन

2009-2010

तटीय जलकृषि प्राधिकरण
COASTAL AQUACULTURE AUTHORITY

तटीय जलकृषि प्राधिकरण

Coastal Aquaculture Authority

सत्यमेव जयते

वार्षिक प्रतिवेदन 2009 - 2010

तटीय जलकृषि प्राधिकरण

तटीय जलकृषि प्राधिकरण
COASTAL AQUACULTURE AUTHORITY

भारत सरकार, कृषि मंत्रालय
दूसरी मंजिल, शास्त्री भवन एनेक्सी
चैन्नै – 600006, तमिलनाडु
दूरभाषा : 91-44-28213785, 28216552
फैक्स : 044-28216552
ई–मेल : aquaauth@vsnl.net वेबसाइट : www.caa.gov.in

प्रकाशक
अध्यक्ष
तटीय जलकृषि प्राधिकरण

संकलन तथा संपादन
आर पाल राज
भास्करण मणिमारन
मनास कुमार सिंहा
जी. डी. चन्द्रपाल
डी. विन्सेंट

मुद्रक
नागराज एंड कंपनी

Published by

Chairman
Coastal Aquaculture Authority

Compilation & Editing

R. Paul Raj
Baskaran Manimaran
Manas Kumar Sinha
G. D. Chandrapal
D. Vincent

Printed by

Nagaraj & Co Private Limited

विषय वस्तु

क्र.सं.	विषय	पृष्ठ संख्या
	प्रस्तावना	
I.	**प्राधिकरण का संगठन, परिचालन संबंधी लक्ष्य तथा उद्देश्य**	
(i)	प्राधिकरण का संगठन	1
(ii)	प्राधिकरण के लक्ष्य तथा उद्देश्य	2
(iii)	प्राधिकरण की शक्तियां तथा कार्य	4
(iv)	एसपीएफ एल.वन्नामई कल्चर का भारत में विनियमन	5
II.	**लक्ष्य तथा कार्य निष्पादन**	
(i)	वार्षिक लक्ष्य	6
(ii)	वास्तविक कार्य निष्पादन का संक्षिप्त समीक्षा	7
III.	**क. क्रियाकलाप व उपलब्धियां**	
(i)	प्राधिकरण और प्राधिकरण द्वारा गठित समितियों की बैठक	9
(ii)	झींगा फार्मों का पंजीकरण	15
(iii)	हैचरियों का पंजीकरण	20
(iv)	एसपीएफ एल.वन्नामई पालन – वर्तमान स्थिति	21
(v)	सीसीए कार्यालय के लिए अतिरिक्त स्थान	26
(vi)	सीएए के तननीकी शाखा में प्रयोगशाला स्थापित करना	26
(vii)	बाहरी गतिविधियां जिसमें सीएए अधिकारी शामिल थे	26
(viii)	अन्य संगठनों द्वारा आयोजित बैठक/सेमिनार/सिंपोजियम में सीएए अधिकारियों की भागीदारी	29
(ix)	खाद्य और पशुचिकित्सा कार्यालय (एफवीओ) मिशन की बैठक में भागीदारी	31
(x)	प्राधिकरण के लिए स्वीकृत स्टाफ की भर्ती	31
(xi)	सीएए के लिए मुख्यालय स्थापित करना	31
(xii)	वेबसाईट का अद्यतन	31
(xiii)	सूचना का अधिकार अधिनियम	31
	ख. 2010–11 के दौरान संभावित रूप से आरंभ किए जाने वाली गतिविधियां	32
IV.	**वित्त**	
	विगत वित्तीय वर्ष के दौरान वास्तविक वित्तीय परिणामों व गतिविधियों का सारांश	34
V.	**प्राधिकरण के कर्मचारी व मौजूदा संगठनात्मक संरचना**	36

CONTENTS

Sl. No.	Subject	Page
Preface		
I.	**Composition, Operational Goals and Objectives of the Authority**	
(i)	Composition of the Authority	41
(ii)	Aims & Objectives of the Authority	42
(iii)	Powers and Functions of the Authority	43
(iv)	Regulation of SPF *Litopenaeus vannamei* Culture in India	44
II.	**Targets and Performances**	
(i)	Annual Targets	46
(ii)	Brief review of actual performance	47
III.	**A. Activities & Achievements**	
(i)	Meetings of the Authority and Committees constituted by the Authority/Ministry	48
(ii)	Registration of Shrimp Farms	53
(iii)	Registration of Hatcheries	58
(iv)	SPF *L. vannamei* Culture – the present status	59
(v)	Additional accommodation for CAA	64
(vi)	Setting up of Laboratory in the Technical Section at the office of CAA at Vepery	64
(vii)	Outreach Activities where CAA officers were involved	64
(viii)	Participation of CAA officers in Meetings/Seminars/ Symposium organised by other organizations	67
(ix)	Participation in the meetings of Food and Veterinary Office Mission	68
(x)	Recruitment of staff sanctioned for the Authority	69
(xi)	Setting up of Headquarters for CAA	69
(xii)	Website updation	69
(xiii)	Right to Information Act	69
	B. Activities likely to be taken up during 2010-2011	69
IV.	**Finance**	
	Summary of actual financial results and activities during the previous financial year	71
V.	**Staff and existing organizational structure of the Authority**	72

डॉ न्यायमूर्ति ए.क. राजन
अध्यक्ष
Dr. Justice A.K. RAJAN
CHAIRMAN

दूरभाष / Phone : (O) +91 44 2823 4672
(R) +91 44 2622 3322
फेक्स / Fax : +91 44 2821 6552
ई-मेइल / e-mail : aquaauth@vsnl.net
वेब सैट / website : http://www.caa.gov.in

सत्यमेव जयते

तटीय जलकृषि प्राधिकरण
भारत सरकार. कृषि मत्रांलय
शास्त्री भवन अनेक्स. दूसरी मंजिल.
सं. 26, हडोस रोड़. चेन्नै- 600 006,
तमिलनाडु. भारत.

COASTAL AQUACULTURE AUTHORITY
Government of India, Ministry of Agriculture
Shastri Bhavan Annexe, 2nd Floor,
No. 26, Haddows Road, Chennai - 600 006.
Tamilnadu, INDIA.

प्राक्कथन

लवणीय अथवा खारा जल, जिसे तटवर्ती जलकृषि के रूप में जाना जाता है, जलकृषि उत्पादो के निर्यात के माध्यम से विदेशी मुद्रा की पर्याप्त राशि का अर्जन करने के अलावा भारत के लोगों की खाद्य और पौषणिक आवश्यकता की पूर्ति करने में अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यद्यपि तटवर्ती जलकृषि प्राधिकरण का प्राथमिक उत्तरदायित्व सतत जलकृषि को बनाए रखना, पर्यावरण के संरक्षण का सुनिश्चय करना है, फिर भी प्राधिकरण यह देखने के लिए प्रतिबद्ध है कि कृषि भूमि अथवा नमक खेतों को जलकृषि फार्मों के रूप में न बदला जाए। तटवर्ती क्षेत्रों में बंजर भूमि को जलकृषि फार्मों के रूप में बदला जा रहा है और उससे यह भूमि भी लोगों की आवश्यकता की पूर्ति करने में अपनी भूमिका निभाती है। भारतीय तटों पर बंजर भूमि की भारी मात्रा को देखते हुए जलकृषि फार्मों के क्षेत्र को बढ़ाने की काफी गुंजाइश है। प्राधिकरण मौजूदा और भावी किसानों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करके तटीय क्षेत्र के लोगों को शिक्षित करने के लिए काफी प्रयास कर रहा है। वायरल महामारी के विगत अनुभव, जिसने कुछ हद तक जलकृषि को प्रभावित किया था, ने अब किसानों को वैज्ञानिकों द्वारा उपलब्ध् कराई गई विशेषज्ञता सलाह का अनुसरण करने में मदद की है। वे अब यह महसूस करते हैं कि विनायमक उपाय उनकी मदद करते हैं और उनके लिए अच्छे हैं।

उत्पादो के व्यापार में हाल ही का वैश्यीकरण कई नए मसलों को सामने लाया है जैसे की उत्पाद की पहचान, खाद्य सुरक्षा के दृष्टिकोण से जलकृषि की कड़ी गुणवत्ता विशेषकर एंटीबायोटिक, भारी धातु और कीटनाशक के अपशिष्ट, रोग प्रसारण आदि जिस सब के लिए इस क्षेत्र के वास्ते एक ठोस विनायमक ढांचे की जरूरत है और तटीय जलकृषि प्राधिकरण द्वारा चलाए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रम इन समस्याओ का पर्याप्त रूप से समाधान करते हैं।

भारत सरकार ने झींगा के विदेशी किस्म–लिटोपेनियस वैन्नामई के पालन की तत्काल अनुमति दी, तटीय जलकृषि प्राधिकरण ने ब्रूड स्टाक के आयात की अनुमति, बीजों के उत्पादन और एल वैन्नामई के पालन के लिए किसानो को अनुमति देने के लिए तत्काल कार्यवाही की। किसानो की प्रतिक्रिया भी बहुत अच्छी रही। यह भी एक अच्छी बात है कि जो कई झींगा फार्म कुछ वर्ष पहले बंद हो गए थे, उन्होंने भी झींगा की नई किस्म को पालना शुरू कर दिया है। आने वाले वर्षों में जलकृषि उत्पादों का उत्पादन कई गुणा बढ़ने की उम्मीद है। वास्तव में इसकी वजह से स्थानीय मांग काफी हद तक पूरी हुई है। झींगा के अलावा किसानों द्वारा मछली की अन्य किस्मों तथा केकड़ों का भी पालन किया जा रहा है।

प्राधिकरण शून्य जल विनिमय प्रणालियों की संकल्पना शुरू करने की भी कोशिश कर रहा है जिससे जल की आवश्यकता भी कम होगी और अपशिष्टों का डिस्चार्ज न्यूनतम हो जाएगा। आने वाले वर्षों में अधिक क्षमता वाले क्षेत्रों के तटवर्ती जलकृषि के तहत आने की संभावना है। इस वर्ष बड़ी संख्या में फार्मों को पंजीकृत किया गया था।

तथापि, रोग निवारण के प्रयोजन के लिए पाले गए जलीय स्टाक से, ब्रूड स्टाक सुविधाओं में, जलीय संगरोध, हैचरियों और फार्मों में तथा समूचे क्षेत्र से विशिष्ट पैथोजन को अलग करने के लिए जैव सुरक्षा की संकल्पना को अत्यन्त सावधानी से लागू किए जाने की आवश्यकता है। यद्यपि एल वैन्नामई जैसी प्रजातियों के वाणिज्यिक पालन में लगाए गए जैव सुरक्षा उपायों से शुरूआत में कुछ कठिनाई आ सकती है किन्तु दीर्घ काल में इसके लाभ मिलेंगे।

प्राधिकरण हैचरी आपरेटरों को एक साथ मिलने और उत्पादकता बढ़ाने में अपने–अपने अनुभवों का आदान–प्रदान कराने में भी मदद करता है। इसी प्रकार किसानों की बैठकें भी आयोजित की जाती हैं जिससे किसान फार्मिंग की व्यावहारिक कठिनाईयों को समझने और उन कठिनाईयों को दूर करने के तरीकों को समझते हैं।

माननीय कृषि मंत्री श्री शरद पवार और माननीय कृषि राज्य मंत्री प्रो. के.वी. थामस द्वारा दिए गए सक्रिय और निर्बाध समर्थन की वजह से ही तटीय जलकृषि प्राधिकरण का कार्यकरण सफल हो सका जिसके लिए मैं उन्हें हार्दिक धन्यवाद देता हूं। प्राधिकरण के सुचारू कार्यकरण में मंत्रालय, विशेषकर उत्तरवर्ती सचिवों तथा संयुक्त सचिव (मात्स्यिकी) और उनके अधिकारियों ने भी अपना सक्रिय समर्थन दिया जिसके लिए मैं उनका भी धन्यवाद करता हूं।

25.11.2010

(डा. न्यायमर्ति ए.के.राजन)

I. प्राधिकरण का संगठन, परिचालन लक्ष्य तथा उद्देश्य

तटीय जलकृषि प्राधिकरण अधिनियम, 2005 के तहत स्थापित तटीय जलकृषि प्राधिकरण दिसम्बर, 2005 में अपने प्रारंभ से ही देश के तटवर्ती क्षेत्रों (उच्च ज्वारभाटा सीमा से दो किलोमीटर के भीतर लवणीय तथा खारा जल जलकृषि) में तटीय जलकृषि से संबंधित समस्त गतिविधियों को विनियमित करने का कार्य कर रहा है ताकि तटीय वातावरण को बिना नुकसान पहुंचाए सतत विकास सुनिश्चित किया जा सके।

(i) प्राधिकरण का संगठन

प्राधिकरण में 2009–10 के दौरान निम्नलिखित सदस्य रहेः

1. **न्यायमूर्ति डा. ए. के. राजन** — **अध्यक्ष**
   मद्रास उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश
   (उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश)

2. **डा. ए. जी. पोन्नय्या** — **सदस्य**
   निदेशक, केन्द्रीय खारा जल जलकृषि संस्थान, चेन्ने
   (तटीय जलकृषि के क्षेत्र के विशेषज्ञ)

3. **श्री पी. मदेश्वरन** — **सदस्य**
   पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार
   (तटीय पारिस्थितिकी के क्षेत्र के विशेषज्ञ)

4. **डा. डी. डी. बसु** — **सदस्य**
   केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड
   (पर्यावरण संरक्षण प्रदूषण के क्षेत्र के विशेषज्ञ)

5. **श्री तरूण श्रीधर, आई.ए.एस.** — **सदस्य**
   संयुक्त सचिव (मात्स्यिकी)
   पशुपालन, डेयरी और मत्स्यपालन विभाग
   (कृषि मंत्रालय भारत सरकार के प्रतिनिधि)

6. **सुश्री लीना नायर, आई.ए.एस** — **सदस्य**
   अध्यक्ष, समुद्री उत्पाद विकास प्राधिकरण
   (**श्री जी. मोहन कुमार, आई.ए.एस.**–अप्रैल, 2009 तक)
   (वाणिज्य मंत्रालय भारत सरकार के प्रतिनिधि)

7. **श्री जी. मोहन कुमार, आई.ए.एस.** **सदस्य**
   प्रधान सचिव (मत्स्यपालन तथा पशु संसाधन विभाग)
   उड़ीसा सरकार
   (**श्रीमती मधुर सारंगी, आई.ए.एस**–जुलाई, 2009 तक)
   (उड़ीसा सरकार के प्रतिनिधि)

8. **श्री ज्योति लाल, आई.ए.एस.** **सदस्य**
   अपर मुख्य सचिव (सामान्य प्रशासन तथा मत्स्यपालन)
   सचिव (परिवहन तथा मत्स्य पालन)
   केरल सरकार
   (**डा. पी. प्रभाकरन, आई.ए.एस,** फरवरी, 2010 तक)
   केरल सरकार के प्रतिनिधि

9. **श्री तपन मंडल, आई.ए.एस** **सदस्य**
   विकास आयुक्त, कृषि मत्स्यपालन,
   पशुपालन तथा पशुचिकित्सा सेवाएं
   अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह के सं.शा.क्षेत्र प्रशासन
   (अंडमान एवं निकोबार के द्वीपसमूह के सं.शा.क्षेत्र प्रशासन के प्रतिनिधि)

10. **श्री पीतांबर एम.तंडेल** **सदस्य**
    करवार, कर्नाटक (कर्नाटक राज्य के प्रतिनिधि)

11. **डा. आर. पाल राज** **सदस्य सचिव**
    (केन्द्र सरकार द्वारा नामित सदस्य)

(ii) प्राधिकरण के लक्ष्य तथा उद्देश्य

प्राधिकरण के उद्देश्य केन्द्र सरकार द्वारा अधिसूचित तटवर्ती क्षेत्रों में सभी तटीय जलकृषि गतिविधियों को तथा इससे संबंधित सभी मामलों को विनियमित करना है। प्राधिकरण को तटवर्ती क्षेत्रों में जलकृषि फार्मों के निर्माण और संचालन के लिए विनियम बनाने, फार्मों के पर्यावरणीय प्रभाव का आकलन करने के लिए उनका निरीक्षण करने, जलकृषि फार्मों के पंजीकरण, प्रदूषण फैलाने वाले तटवर्ती जलकृषि फार्मों को हटाने अथवा नष्ट करने तथा सभी तटीय जलकृषि आगतों जैसे बीज, बीज वृद्धि उपकरण तटीय जलकृषि में प्रयुक्त रसायन/दवाईयां इत्यादि के लिए मानकों को तय करने की शक्ति दी गई है।

(iii) प्राधिकरण की शक्तियां तथा कार्य

तटीय जलकृषि प्राधिकरण निम्नलिखित शक्तियों का प्रयोग करता है :

तटीय जलकृषि क्षेत्र के सुव्यवस्थित तथा सतत विकास के लिए विनियम बनाता है ताकि इस गतिविधि में संलग्न विभिन्न अंशधारकों के सामाजिक–आर्थिक लाभ के लिए पर्यावरण अनुकूल तथा समाज स्वीकृत तटीय जलकृषि की ओर उन्मुख हुआ जा सके। प्राधिकरण की शक्तियां तथा कार्य तटीय जलकृषि प्राधिकरण अधिनियम, 2005 के अध्याय–IV तथा तटीय जलकृषि प्राधिकरण विनियम में विनिर्दिट हैं।

तटीय जलकृषि प्राधिकरण का प्रमुख दायित्व देश में सभी प्रकार के तटीय जलकृषि फार्मों का पंजीकरण सुनिश्चित करना है। यह एक सतत प्रक्रिया है। इन लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु, प्राधिकरण द्वारा अनेक उपाय आरंभ किए जा रहे हैं।

तटीय क्षेत्रों में जलकृषि करने वाले सभी व्यक्तियों के लिए यह अनिवार्य है कि वे अपने फार्म का तटीय जलकृषि प्राधिकरण में पंजीकरण कराएं। पंजीकरण पांच (5) वर्ष की अवधि के लिए किए जाते हैं जो आगे नवीनीकृत किए जा सकते हैं। भविय में तटीय जलकृषि गतिविधियों को ध्यान मे रखते हुए पंजीकरण प्रक्रिया को नए फार्मों के लिए तथा मरम्मत किए जाने वाले पुराने फार्मों के लिए जारी रखा जा सकता है। तटीय विनियम जोन के भीतर हाई टाइड लाइन और खाड़ियों में, नदियों तथा पश्च जल से 200 मीटर के भीतर जलकृषि की अनुमति नहीं है। तथपि, यह शर्त तटीय जलकृषि प्राधिकरण अधिनियम, 2005 के विधिकरण से पहले स्थापित मौजूदा फार्मों तथा सरकार द्वारा अथवा सरकार के किसी भी अनुसंधान संस्थान द्वारा संचालित गैर वाणिज्यिक तथा प्रयोगात्मक जलकृषि फार्मों पर लागू नहीं है। यद्यपि ऐसे सभी फार्म तटीय जलकृषि प्राधिकरण के पास पंजीकृत होने चाहिए। ऐसे पंजीकरण के बिना किसी व्यक्ति द्वारा तटीय जलकृषि करने पर उसे कारावास का दंड जिसे तीन वर्ष की अवधि तक बढ़ाया जा सकता है, या जुर्माना अदा करना पड़ेगा जिसे एक लाख रुपए तक बढ़ाया जा सकता है या दोनों दंड भुगतने पड़ेगे। सीएए की सहायता तटीय जलकृषि फार्मों के पंजीकरण से संबंधित मामलों में तटीय राज्यों में गठित राज्य स्तरीय समिति (एस.एल.सी.) तथा जिला स्तरीय समितियों (डी.एल.सी.) द्वारा की जाती है।

सीएए को यह भी करना होगाः

- यह सुनिश्चित करना कि तटवर्ती क्षेत्रों में रहने वाले तटवर्ती समुदाय की आजीविका को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से कृषि भूमि, लवण पटल जमीन, कच्छीय वन, नम जमीन, वन भूमि, गांव की आम प्रयोजन की भूमि तथा सार्वजनिक प्रयोजन की भूमि और राष्ट्रीय उद्यानों तथा मृग वनों को जलकृषि फार्मों में परिवर्तित न किया जाए;

- समूचे तटीय क्षेत्र का सर्वेक्षण करना तथा पारिस्थितिकी अनुकूल विकास हासिल करने के लिए उचित नीति तैयार करने हेतु केन्द्रीय सरकार तथा राज्य/संघ क्षेत्र सरकारों को सलाह देना;
- सामान्य अवसंरचना लाईक, सामान्य जल अंतर्ग्रहण, निकासी नहर एवं सार्वजनिक बहिस्राव उपचार प्रणाली के निर्माण के लिए राज्य/संघ क्षेत्र सरकारों को सलाह एवं समर्थन देना;
- बीज, आहार, वृद्धि संवर्धकों तथा जल निकायों एवं पाले गए जीवों एवं अन्य जलजीव के रखरखाव के लिए प्रयुक्त रसायनों/दवाओं के लिए मानक निर्धारित करना;
- तटीय जलकृषि से संबंधित आंकड़ों एवं अन्य वैज्ञानिक तथा सामाजिक–आर्थिक सूचना एकत्रित एवं वितरित करना;
- तटीय जलकृषि के सतत विकास एवं तटीय जलकृषि के क्रियाकलापों से संबंधित सामग्री तैयार करना;
- तटीय संसाधनों की सतत उपयोगिता तथा न्याय संगत एवं उचित हिस्सेदारी के संबंध में प्रचार करना तथा कर्मचारियों को प्रशिक्षित करना;
- तकनीकी मैनुअल तैयार करने के लिए विभिन्न तकनीकी समितियां, उप–समितियां, कार्य दल आदि गठित करना;
- तटीय पर्यावरण पर होने वाले प्रभावों को कम से कम करने के लिए आवश्यक परिवर्तन लाने के लिए फार्म के मालिकों को निर्देश देना;
- सततता को सुनिश्चित करने के लिए; या पर्यावरणीय चिरस्थाईता को बनाए रखने के हित में एवं तटीय पर्यावरण के हित में आजीविका के संरक्षण के लिए मौसमी बंदी का आदेश देना;
- किसी भी व्यक्ति द्वारा गलत सूचना देकर या पंजीकरण के प्रमाणपत्र में उल्लिखित शर्तों या उन नियमों के किसी भी प्रावधान का उल्लंघन करके प्राप्त किए गए पंजीकरण को रद्द करना;
- तटीय जलकृषि प्राधिकरण के कर्मचारियों के लिए भर्ती नियम बनाना; तथा वेतन, छुट्टी, भत्ते और सेवा की अन्य शर्तों को निर्धारित करना;
- समय–समय पर दिशानिर्देशों में संशोधन करने के लिए सरकार को उचित सिफारिशें देना।

(iv) एसपीएफ एल.वन्नामई कल्चर का भारत में विनियमन:

पशुपालन, डेयरी और मत्स्यपालन विभाग, भारत सरकार ने पशुधन आयात अधिनियम, 1898 के तहत जारी 15.10.2008 की अधिसूचना द्वारा तटीय जलकृषि प्राधिकरण को चुनिन्दा सप्लायरों से एसपीएफ एल. वन्नामई के ब्रूड स्टॉक के आयात के लिए अनुमति देने के लिए प्राधिकृत किया है। नीलांकरई, चेन्नई

में इस प्रयोजन के लिए एक जलीय संगरोध केन्द्र स्थापित किया गया है जिसे राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की धनराशि से राजीव गांधी जलकृषि केन्द्र (आर.जी.सी.ए.) द्वारा संचालित किया जाता है। तटीय जलकृषि प्राधिकरण जलीय संगरोध के लिए मानक प्रचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) को तेजी से अंतिम रूप दे रही थी। जलीय संगरोध के क्रियाकलापों का निरीक्षण तथा अनुवीक्षण करने के लिए पशुपालन, डेयरी और मत्स्यपालन विभाग, कृषि मंत्रालय, भारत सरकार के आदेश संख्या 35029/13/2008 मा0(टीएंडई) दिनांक 2.6.2009 के तहत तकनीकी समिति का गठन किया गया है। तटीय जलकृषि प्राधिकरण (संशोधन) नियम, 2009 के तहत एल.वन्नामई को प्रस्तुत करने के लिए हैचरियों तथा फार्मों को विनियमित करने के लिए गजट अधिसूचना 30.4.2009 को जारी की गई ।

इस अधिसूचना के अनुसार, तटीय जलकृषि प्राधिकरण में एल.वन्नामई के कल्चर तथा प्रजनन से संबद्ध हैचरियों तथा फार्मों की जैव सुरक्षा आवश्यकताओं को सुनिश्चित करने के लिए एक निरीक्षण टीम का गठन किया गया है। एसपीएफ एल.वन्नामई ब्रूडस्टाक के आयात के लिए हैचरियों को स्वीकृति प्रदान करने के लिए गठित समिति द्वारा हैचरियों को स्वीकृति प्रदान की गई है। पशुपालन, डेयरी और मत्स्यपालन विभाग की दिनांक 18.12.2009 की दूसरी गजट अधिसूचना के दिशानिर्देशों के अनुसार, एसपीएफ एल.वैन्नामई के कल्चर के लिए फार्मों को प्राधिकरण द्वारा जारी अनुमति के लिए प्राधिकरण द्वारा प्राधिकृत निरीक्षण टीम की अनुशंसाओं पर सदस्य सचिव (तटीय जलकृषि प्राधिकरण) द्वारा कार्रवाई की जाएगी।

II. लक्ष्य तथा कार्य निष्पादन

(i) वार्षिक लक्ष्य

- उपयुक्त निर्णय लेने के लिए तटीय जलकृषि प्राधिकरण अधिनियम द्वारा निर्दिष्ट प्राधिकरण की कम सें कम छह बैठकें आयोजित करना।
- तटीय जलकृषि फार्मों का पंजीकरण तथा उनका नवीनीकरण एक सतत प्रक्रिया है जिसका न तो लक्ष्य निर्धारित किया जा सकता है और न ही परिणाम बताया जा सकता है। डीएलसी तथा एसएलसी से प्राप्त सभी आवेदन संसाधित किए गए हैं तथा जो आवेदन उपयुक्त पाए गए हैं प्राधिकरण के अनुमोदन के लिए रखे गए हैं। प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित किए जाने पर पंजीकरण प्रमाणपत्र तत्काल जारी किए जाते हैं।
- प्राधिकरण, नए तथा मरम्मत किए गए फार्मों सहित देश के तटीय क्षेत्रों मे स्थित सभी तटीय जलकृषि फार्मों का पंजीकरण करने का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए सभी कदम उठा रहा है।
- नई गतिविधियों के मामले में, जैसे, एसपीएफ एल.वन्नामई कल्चर का वर्ष 2009–10 में लगभग 1000 हैक्टेयर क्षेत्र का कवर करने का अनंतिम लक्ष्य तय किया है। जलीय संगरोध के अतिरिक्त एसपीएफ एल.वैन्नामई बीज उत्पादन तथा कृषि कार्य संबंधी दिशानिर्देश, वित्तीय वर्ष की प्रथम तिमाही के दौरान प्रकाशित किए गए।
- एसपीएफ एल वैन्नामई के ब्रूडस्टाक के संभावनापूर्ण वैश्विक आपूर्तिकर्ताओं की सूची को अंतिम रूप देने से पहले सार्वजनिक सूचना जारी की जाएगी। ब्रूड स्टाक आपूर्तिकताओं की सूची बनाने के लिए तकनीकी समिति की एक बैठक आयोजित की जाएगी और तब सूची को अंतिम रूप देने का कार्य पूरा किया जाएगा।
- ब्रूड स्टाक के आयात और एसपीएफ बीज के उत्पादन के लिए पर्याप्त जल सुरक्षा सुविधाओं के साथ उत्तरव्यापी हैचरियों के स्वामियों की सूची तैयार करने से पहले आवेदन आमंत्रित करने के लिए सार्वजनिक सूचना जारी की जाएगी।
- वे किसान जो अपने फार्मों में पर्याप्त जैव सुरक्षा सुविधाओं और बेहतर उपचार व्यवस्था के बाद एसपीएफ एल वैन्नामई के पालन के इच्छुक है उन्हें अनुमति देने के लिए आवेदन आमंत्रित करने के उद्देश्य से सार्वजनिक सूचना जारी की जाएगी

- बीज उत्पादन और एसपीएफ एल वैन्नामई पालन के लिए प्राप्त आवेदन की प्रक्रिया बिना किसी विलंब के आरंभ की जाएगी।
- सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण दल द्वारा हैचरियों और फार्मों का निरीक्षण किया जाएगा।
- निरीक्षण दल द्वारा सिफारिश किए गए आवेदनों पर मंजूरी प्रदान करने के लिए तुरंत विचार किया जाएगा।
- हैचरियों और फार्मों की निगरानी सावधिक रूप से की जाएगी।
- संगरोध संबंधी क्रियाकलाप की समीक्षा के लिए तकनीकी समिति की बैठक सावधिक रूप से आयोजित की जाएगी।
- चैन्नई में वेपेरी स्थित तटीय जलकृषि प्राधिकरण के तकनीकी अनुभाग में जल गुणवत्ता प्रयोगशाला स्थापित की जाएगी।
- पालकों को हैचरियों के पंजीकरण, एसपीएफ एल वैन्नामई पालन और प्रतिबंधित दवाओं के मुद्दों और अन्य महत्वपूर्ण बातों के विषय में जागरूक बनाने के लिए चुनिंदा तटवर्ती राज्यों में जब जैसी आवश्यकता हो जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

(ii) वास्तविक कार्य निष्पादन की संक्षिप्त समीक्षा

- अप्रैल, 2009 से मार्च, 2010 के बीच प्राधिकरण की 6 बैठकें हो चुकी है। एसएलसी/डीएलसी से प्राप्त झींगा फार्म के पंजीकरण के लिए सभी 6465 आवेदनों पर स्वीकृति के लिए विचार किया गया। प्राधिकरण ने 6378 आवेदनों को अनुमोदन प्रदान किया जबकि शेष आवेदनों को सुधार के लिए वापिस भेज दिया। सभी 6378 अनुमोदित फार्मों को पंजीकरण प्रमाण पत्र जारी कर दिए गए।
- उद्देश्य के लिए गठित समिति के निरीक्षण दल की रिपोर्ट के आधार पर चालू वर्ष के दौरान तटीय जलकृषि प्राधिकरण द्वारा 15 हैचरियों को स्वीकृति दी गई (विगत वर्ष के दौरान 9 हैचरियों को स्वीकृति प्रदान की गई थी) जिसके परिणामस्वरूप कुल 30,600 ब्रूड स्टाक को आयात करने के लिए आपूर्तिकर्ताओं की अनुमोदित सूची से एसपीएफ एल वैन्नामई के ब्रूड स्टाक के आयात के लिए कुल अनुमोदित हैचरियों की संख्या 24 हो गई है।

- एसपीएफ एल वैन्नामई फार्मों से के पालन के लिए फार्मों से प्राप्त आवेदनों की जांच और निरीक्षण दल की रिपोर्ट के आधार पर 1112.08 हैक्टेयर जलीय क्षेत्र वाले 107 फार्मों को इस वर्ष एसपीएफ एल वैन्नामई के पालन की अनुमति जारी की गई।

- अनुमानित, 310.69 मिलियन पी.एल. एसपीएफ एल. वन्नामई का उत्पादन पंजीकृत हैचरी द्वारा अनुमोदित सिरम्प फार्म को इस अवधि के दौरान आपूर्ति की गई।

- रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान कुल एसपीएफ एल वैन्नामई का उत्पादन 705.72 टन दर्ज किया गया। इस प्रकार औसत उत्पादकता कुल मिलाकर 2.27 से 10.72 टन प्रति हैक्टेयर प्रति क्राप रहा।

- एसपीएफ एल वैन्नामई के पालन में जैव सुरक्षा संबंधी अपेक्षाओं के बारे में किसानों को जागरूक करने के लिए मार्च, 2010 तक राज्य मात्स्यिकी विभागों के साथ मिलकर 9 जागरूकता कार्यक्रम (गुजरात में 3, आन्ध्र प्रदेश में 3, तमिलनाडु में 2 और महाराष्ट्र में 1) कार्यक्रम आयोजित किए गए और इन कार्यशालाओं में 516 पालकों ने भाग लिया।

- जलीय संगरोध सुविधाओं के संचालन की देखरेख और निगरानी के लिए सदस्य सचिव (तटीय जलकृषि प्राधिकरण) की अध्यक्षता में गठित तकनीकी समिति ने इस अवधि के दौरान 4 बैठकें की हैं और सुविधा के सुचारू संचालन के लिए उपयुक्त निर्णय लिए।

III. क. क्रियाकलाप व उपलब्धियां

(i) प्राधिकरण और प्राधिकरण द्वारा गठित समितियों की बैठक

चालू वर्ष अर्थात् अप्रैल, 2009–मार्च, 2010 के दौरान सीएए में तीन अन्य बैठकों के अलावा 6 नियमित बैठकें कीं। बैठकों व उनमें लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों का संक्षिप्त ब्यौरा सारणी–1 में दर्शाया गया है। पंजीकरण के लिए दिए गए आवेदनों को स्वीकृति प्रदान करने के अलावा प्राधिकरण ने कई महत्वपूर्ण मुद्दों जैसे हैचरियों की पंजीकरण प्रक्रिया की समीक्षा, ईयू मिशन के झींगा संबंधी एंटीबायोटिक अपशिष्टों के विषय में सिफारिश, फार्मों के पंजीकरण के लिए एकत्रित फीस के उपयोग के लिए मानक, फार्मों के गंदे जल रिसाव की निगरानी, प्रोबायोटिक्स के लिए मानकों का निर्धारण, केन्द्र सरकार द्वारा तटीय जलकृषि प्राधिकरण के खाते में निधियों के आवंटन किए जाने में प्रक्रियात्मक बदलाव और तटीय जलकृषि प्राधिकरण के वित्तीय स्वायत्तता के संदर्भ में अधिनियमों, नियमों व दिशानिर्देशों में संशोधन की आवश्यकता आदि पर विचार–विमर्श किया।

तटीय जलकृषि प्राधिकरण की बैठक
(अप्रैल 2009–मार्च 2010)

बैठक	तारीख और स्थान	बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय
21वीं	22मई, 2009 चैन्नई	• 596 झींगा पालकों को पंजीकरण की स्वीकृति • झींगा पालन फार्मों के पंजीकरण के लिए एकत्र फीस के उपयोग के लिए राज्य स्तरीय समितियों (डीएलसी) और सीएए के लिए मानकों को स्वीकृति। • झींगा फार्मों के पंजीकरण की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने के लिए सभी डीएलसी और एसएलसी को पत्र भेजा गया। • सलाहकार के रूप में श्री जी डी चन्द्रपाल के कार्यकाल को एक वर्ष यानि 15 मार्च, 2009 तक के लिए बढ़ाया गया। • श्री डी विंसेन्त को 6 महीने यानि 1 सितम्बर, 2009 तक के लिए परामर्शदाता नियुक्त किया गया।

बैठक	तारीख और स्थान	बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय
22वीं	12 अगस्त, 2009 कोची	• 1578 झींगा पालकों के पंजीकरण को मंजूरी दी गई। • ब्रूड स्टाक के आयात के लिए 24 हैचरियों को अनुमति और एसपीएफ एल वन्नामई के बीज उत्पादन को अनुसमर्थित किया गया है। • एसपीएफ एल वैन्नामई के आयात के लिए हैचरियों को अनुमति प्रदान करने और जलकृषि किसानों द्वारा एसपीएफ एल वैन्नामई पालन के लिए भविष्य में लागू की जाने वाली प्रक्रियाओं ; एसपीएफ एल वैन्नामई फार्मों के लिए निरीक्षण दल का गठन। • 4 झींगा फार्मों को (डब्लयू एसए–133.95 है.) एसपीएफ एल वैन्नामई पालन के लिए अनुमति। • एम्पेडा द्वारा हैचरियों के पंजीकरण को रद्द करने के खिलाफ दायर अपील में तटीय जलकृषि प्राधिकरण अधिनियम और नियमों के संबंध में स्पष्टीकरण।
23 वीं	13 अक्टूबर, 2009 चैन्नई	• वर्ष 2008–09 की वार्षिक रिपोर्ट को अनुमोदित किया गया है। • 664 झींगा फार्मों के पंजीकरण को मंजूरी। • 6 झींगा फार्मों (डब्ल्यूएसए–121.42 है.) को एसपीएफ एल वैन्नामई पालन के लिए अनुमति प्रदान की गई। • कृषि मंत्रालय द्वारा सहायता अनुदान के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। • आन्ध्र प्रदेश में एसपीएफ एल वैन्नामई के अवैध पालन के खिलाफ जिला कलैक्टर के माध्यम से उसके पालन को बंद कराना आरंभ किया गया और की गई कार्रवाई संबंधी रिपोर्ट सूचना के लिए प्राधिकरण को प्रस्तुत की गई। • सामूहिक फार्मों द्वारा ईटीएस के संयुक्त प्रचालन संबंधी स्पष्टीकरण।

बैठक	तारीख और स्थान	बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय
24 वीं	16 दिसम्बर, 2009 चैन्नई	• 677 झींगा पालन फार्मों के पंजीकरण को अनुमोदन प्रदान किया गया। • एसपीएफ एल वैन्नामई के पालन के लिए 18 झींगा फार्मो (डब्ल्यूएसए– 241.80 है.) को अनुमति प्रदान की गई। • तटीय जलकृषि प्राधिकरण के तकनीकी अनुभाग में जल गुणवत्ता निगरानी प्रयोगशाला स्थापित करने के लिए प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। • एसपीएफ एल वैन्नामई के अवैध पालन के संबंध में आन्ध्र प्रदेश सरकार द्वारा की गई कार्रवाई रिपोर्ट की समीक्षा की गई। • ईएमपी मैनुअल विकसित करने के लिए केन्द्रीय खारा जलकृषि संस्थान के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई।
25 वीं	9 फरवरी, 2010 चैन्नई	• 1056 झींगा पालन फार्मों के पंजीकरण को अनुमोदन प्रदान किया गया। • एसपीएफ एल वैन्नामई के पालन के लिए 25 झींगा फार्मों (डब्ल्यूएसए– 1,138.29 है) को अनुमति प्रदान की गई। • एंटीबायोटिक अपशिटों के संबंध में एम्पैडा से प्राप्त रिपोर्टों पर कार्यवाही करने के लिए तटीय जलकृषि प्राधिकरण के विनियमों के अनुसार कार्यवाही के अनुपालन पर जोर डाला गया।

बैठक	तारीख और स्थान	बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय
26 वीं	25 मार्च, 2010 नई दिल्ली	• 1807 झींगा पालन फार्मों के पंजीकरण को अनुमोदन प्रदान किया गया। • एसपीएफ एल वैन्नामई के पालन के लिए 54 झींगा फार्मों (डब्ल्यूएसए–476.62 है.) को अनुमति प्रदान की गई। • संकल्प लिया गया कि सीएए के अध्यक्ष सीएए जांच समिति की रिपोर्ट के प्रकाश में 5 हैचरियों की अपील पर विचार करें और जिन 5 हैचरियों के प्रजीकरण के मामले में निर्णय ले और इस संबंध में एम्पेडा को सूचित करें। • पेंशन व अन्य सेवानिवृत्ति लाभ संबंधी भुगतान के लिए एक अलग पेंशन निधि बनाने और मासिक अंशदान जमा करने के लिए जीपीएफ और सीपीएफ के लिए प्रत्येक खाते के प्रचालन के लिए प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया।

केन्द्रीय जलकृषि प्राधिकरण द्वारा आयोजित अन्य बैठक/सेमिनार (अप्रैल 2009–मार्च 2010)

क्र. सं.	बैठक का नाम	तारीख और स्थान	महत्वपूर्ण चर्चाएं/ निर्णय
1.	तटीय जलकृषि में प्रयुक्त होने वाले प्रोबायोटिक्स के लिए मानक तय करने के लिए पणधारियों के साथ विचारोत्तेजक सत्र	19.6.2009 सीएए, चैन्नई	विनिर्मिताओं के पंजीकरण, जलीय प्रोबायोटिक्स के लिए अलग मानक, आहार प्रोबायोटिक्स, पहचान किए गए प्रयोगशालाओं में उत्पादों की जांच, प्रमाणीकरण आदि जैसे मानक तय करने वाले प्रमुख मुद्दों पर चर्चा हुई। उपसमिति के समक्ष इसे प्रस्तुत करने के लिए सदस्यों से इन मुद्दों को दस्तावेजित करने के लिए उपलब्ध सूचनाएं भेजने के लिए कहा गया।

क्र. सं.	बैठक का नाम	तारीख और स्थान	महत्वपूर्ण चर्चाएं/ निर्णय
2.	एसपीएफ एल वैन्नामई के जलीय संगरोध के लिए एसओपी पर चर्चा करने के लिए पणधारियों की बैठक	22.6.2009 सीआईबीए, चैन्नई	संगरोध अवधि को कम करने के लिए अनुरोध, संगरोध फीस, स्थान का आवंटन, पैथोजीन्स के लिए पशुओं की जांच, कंटेनरों को नष्ट करने का तरीका, हैचरियों में जैवसुरक्षा कायम रखने के लिए विनिर्दिष्ट सुरक्षा पर चर्चा की गई।
3.	जलीय संगरोध सुविधा की देखरेख और उसके कार्यकलाप और निगरानी रखने के लिए तकनीकी समिति की पहली बैठक	2.7.2009 सीएए, चैन्नई	संगरोध फीस 4000/– रुपए प्रति क्यूबिकल्स तय किया गया। संगरोध प्रमाणपत्र स्टाक की रोग मुक्त स्थिति के बारे में पशुपालन संगरोध द्वारा पुष्टि के बाद पशुपालन, डेयरी और मत्स्यपालन विभाग के जलीय संगरोध अधिकारी द्वारा जारी किया जाएगा। सीआईबीए ओआईई की सूची में शामिल रोगों की पुष्टिकारी जांच के लिए नामित प्रयोगशाला होगी।
4.	जलीय संगरोध सुविधा की देखरेख और उसके कार्यकलाप और निगरानी रखने के लिए तकनीकी समिति की दूसरी बैठक	8.9.2009 सीएए, चैन्नई	संगरोध अवधि को घटाकर पांच दिनों का कर दिया गया। पशु संगरोध यूनिट पैकेज सामग्रियों को जलाकर नष्ट करने के लिए आयातकों से 500/– रुपए की राशि फीस के रूप में लेगा।
5.	बीज की बिक्री, रिकार्ड अनुरक्षण इत्यादि के तरीकों की समीक्षा करने के लिए अंशधारकों की बैठक	17.11.2009 सीएए, चैन्नई	हैचरी प्रचालक एसपीएफ एल.वैन्नामई के बीज केवल उन फार्मों को बेच सकते हैं जिन्हें एल.वैन्नामई कल्चर की अनुमति सीएए द्वारा प्राप्त है तथा बीजों के उत्पादन, बिक्री आदि का रिकार्ड रखना होगा। उन्हें एसपीएफ स्थिति, बिक्री किए गए बीजों की गुणवत्ता, पंजीकरण तथा फार्मों का अनुमति विवरण इत्यादि से संबंधित प्रमाणपत्र जारी करना होगा।

ब्रडस्टाक आपूर्तिकर्ताओं की सूची को अंतिमरूप देने की बैठक

एल.वी. पालन की अनुमति देने हेतु बैठक

क्र. सं.	बैठक का नाम	तारीख और स्थान	महत्वपूर्ण चर्चाएं/ निर्णय
6.	जलीय संगरोध सुविधा के क्रियाकलापों के निरीक्षण तथा अनुवीक्षण वाली तकनीकी समिति की तीसरी बैठक	8.12.2009 सीएए, चैन्नई	संगरोध को बंद करने की अवधि हैचरियों के बंद होने की अवधि के साथ मेल खाने के लिए प्रत्येक वर्ष, 30 दिन के लिए नवम्बर माह में संगरोध को बंद करने की अवधि कर दी गई है। एक ही स्रोत से बहुल खेप जिसमें एक से अधिक आयातक संलग्न है की अनुमति नहीं दी जाएगी।
7.	जलीय संगरोध पर तकनीकी समिति की चौथी बैठक	12.3.2010 सीएए, चैन्नई	पल्लीकरणई स्थित पशु संगरोध इकाई में भस्मी करण की प्रक्रिया पर विचार किया गया तथा जब तक वैकल्पिक तरीके पर अंतिम निर्णय नहीं लिया जाता तब तक वर्तमान व्यवस्था जारी रहेगी।
8.	अप्रैल 2010–मार्च, 2011 के दौरान एसपीएफ एल.वैन्नामई के ब्रूडस्टाक के आयात के लिए हैचरियों को अनुमति प्रदान करने के लिए गठित कमेटी की बैठक।	30.3.2010 सीएए, चैन्नई	2010–11 की अवधि की बीज आवश्यकताओं के लिए 2000 हैक्टेयर में भंडारण। अंडों की संख्या की गिनती भी की गई। वे हैचरियां जिन्हें ब्रूडस्टाक के आयात के लिए पहले अनुमति दी गई थी परन्तु वे कार्रवाई नहीं कर पाई, उन पर वर्तमान में विचार नहीं किया गया।

फीड स्टेंन्ड्र नियत बैठक

हैचरी प्रचालक बैठक

ब्रीडस्टाक आपूर्तिकर्ताओं को सूची को अंतिम रूप देने हेतु बैठक

(ii) झींगा फार्मों का पंजीकरण

- राज्य और जिला स्तरीय समितियों, जिन्हें इसी कार्य के लिए गठित किया गया है, उनकी सिफारिशों पर झींगा फार्मों का पंजीकरण कार्य सीएए द्वारा किया गया एक महत्वपूर्ण कार्य है।
- प्राधिकरण ने हर दो महीनों में एक बार नियमित रूप से हुई अपनी बैठक में झींगा फार्मों के पंजीकरण के लिए जिला स्तरीय समितियों और राज्य स्तरीय समितियों द्वारा सिफारिश किए गए आवेदनों पर विचार किया और मार्च, 2010 तक (सीएए के आरंभ होने से) झींगा पालन के पंजीकरण के लिए अनुमोदन प्रदान कर 18,215 प्रमाण पत्र जारी किए।
- सभी 12 समुद्रतटीय राज्यों में प्राधिकरण द्वारा जारी किए गए पंजीकरण प्रमाण पत्रों की कुल संख्या को दर्शाने वाला विवरण सारणी–1 में दिया गया है और प्राधिकरण द्वारा पंजीकृत क्षेत्रवार फार्मों को दर्शाने वाला चार्ट भी आरेख 1 में दिया गया है। सीएए ने झींगा फार्मों के पंजीकरण पर डाटाबेस को पूरा कर लिया है जो प्राधिकरण की वेबसाइट पर उपलब्ध है। पंजीकृत फार्मों का विवरण भी उपयोगकर्ताओं के लिए प्राधिकरण की वेबसाईट पर उपलब्ध करवाया गया है, जिसे समय–समय पर अद्यतन किया जाता है।

सारणी:1 सीएए द्वारा 26 वीं बैठक (दिसम्बर, 2005–मार्च, 2010) जारी किए गए पंजीकरण प्रमाण पत्रों का विवरण

क्र. सं.	राज्य/संघ शासित प्रदेश का नाम	कुल क्षेत्र (हैक्टेयर में)					
		0.00 - 2.00	2.01 - 5.00	5.01 - 10.00	10.01 - 40.00	40.00 से अधिक	कुल
1	प. बंगाल	946	143	0	0	0	**1,089**
2	उड़ीसा	1,920	335	19	3	0	**2,277**
3	आंध्र प्रदेश	11,194	868	75	29	9	**12,175**
4	तमिलनाडु	725	514	100	13	1	**1,353**
5	पुदुचेरी	1	1	0	0	0	**2**
6	केरल	267	74	12	2	0	**355**
7	कर्नाटक	228	36	2	2	0	**268**
8	गोवा	15	10	1	1	0	**27**
9	महाराष्ट्र	67	105	22	17	4	**215**
10	गुजरात	122	318	1	0	1	**442**
11	दमन एवं दीव	0	12	0	0	0	**12**
12	अंडमान तथा निकोबार द्वीपसमूह	0	0	0	0	0	**0**
	कुल	**15,485**	**2,416**	**232**	**67**	**15**	**18,215**

- प्राधिकरण ने कुल 6378 आवेदन पर विचार तथा अनुमोदन किया। पंजीकरण प्रमाणपत्र सभी कृषकों को सदस्य संयोजक, एस.एल.सी/डी. एस.सी. द्वारा जारी किया गया।
- विवरण दरशाते हुए जिसमें प्राधिकरण ने 12 तटीय राज्यों में पंजीकृत फार्म का विवरण तेबल 2 में दिया गया है। राज्यों के हिसाब से सी.ए.ए. के पंजीकृत झींगा फाम का विवरण अंक 3 से 11 में दिया गया है।



आरेख.1. सीएए के आरंभ से 26वीं बैठक तक सभी तटवर्ती राज्यों में फार्मों का पंजीकरण

सारणी: 2. अप्रैल,2009–मार्च 2010 के दौरान सभी तटीय राज्यों में फार्मों का पंजीकरण

क्र. सं.	राज्य/संघ शासित प्रदेश का नाम	कुल क्षेत्र (हैक्टेयर में)					
		0.00 - 2.00	2.01 - 5.00	5.01 - 10.00	10.01 - 40.00	40.00 से अधिक	कुल
1	प. बंगाल	321	41	0	0	0	**362**
2	उड़ीसा	1,101	187	16	5	3	**1,312**
3	आंध्र प्रदेश	3,409	321	52	19	4	**3,805**
4	तमिलनाडु	136	70	6	1	0	**213**
5	पुदुचेरी	0	0	0	0	0	**0**
6	केरल	177	60	15	2	0	**254**
7	कर्नाटक	45	17	1	0	0	**63**
8	गोवा	2	7	2	1	0	**12**
9	महाराष्ट्र	22	45	1	13	7	**88**
10	गुजरात	88	181	0	0	0	**269**
11	दमन एवं दीव	0	0	0	0	0	**0**
12	अंडमान तथा निकोबार द्वीपसमूह	0	0	0	0	0	**0**
	कुल	**5,301**	**929**	**93**	**41**	**14**	**6,378**



आरेख.2 अप्रैल,2009–मार्च 2010 के दौरान सभी तटीय राज्यों में फार्मों का पंजीकरण

वर्ष 2009–10 के दौरान सीएए में पंजीकृत झींगा फार्मों का राज्यवार ब्यौरा (आरेख 3 से 11)

पश्चिम बंगाल



क्षेत्र (हैक्टेयर में)	फार्मों की संख्या
0 - 2.00	321
2.01 - 5.00	41
5.01 - 10.00	0
10.01 - 40.00	0
40.00 से अधिक	0
कुल	**362**

उड़ीसा

क्षेत्र (हैक्टेयर में)	फार्मों की संख्या
0 - 2.00	1,101
2.01 - 5.00	187
5.01 - 10.00	16
10.01 - 40.00	5
40.00 से अधिक	3
कुल	1,312



आंध्र प्रदेश



क्षेत्र (हैक्टेयर में)	फार्मों की संख्या
0 - 2.00	3,409
2.01 - 5.00	321
5.01 - 10.00	52
10.01 - 40.00	19
40.00 से अधिक	4
कुल	3,805

तमिलनाडु

क्षेत्र (हैक्टेयर में)	फार्मों की संख्या
0 - 2.00	136
2.01 - 5.00	70
5.01 - 10.00	6
10.01 - 40.00	1
40.00 से अधिक	0
कुल	213



केरल



क्षेत्र (हैक्टेयर में)	फार्मों की संख्या
0 - 2.00	177
2.01 - 5.00	60
5.01 - 10.00	15
10.01 - 40.00	2
40.00 से अधिक	0
कुल	254

कर्नाटक

क्षेत्र (हैक्टेयर में)	फार्मों की संख्या
0 - 2.00	45
2.01 - 5.00	17
5.01 - 10.00	1
10.01 - 40.00	0
40.00 से अधिक	0
कुल	63



गोवा



क्षेत्र (हैक्टेयर में)	फार्मों की संख्या
0 - 2.00	2
2.01 - 5.00	7
5.01 - 10.00	2
10.01 - 40.00	1
40.00 से अधिक	0
कुल	12

महाराष्ट्र

क्षेत्र (हैक्टेयर में)	फार्मों की संख्या
0 - 2.00	22
2.01 - 5.00	45
5.01 - 10.00	1
10.01 - 40.00	13
40.00 से अधिक	7
कुल	**88**



गुजरात



क्षेत्र (हैक्टेयर में)	फार्मों की संख्या
0 - 2.00	88
2.01 - 5.00	181
5.01 - 10.00	0
10.01 - 40.00	0
40.00 से अधिक	0
कुल	**269**

(iii) हैचरियों का पंजीकरण

भारत सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों (सं.7.1) के अनुसार झींगा हैचरियों के पंजीकरण के लिए आवेदन समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एम्पेडा) को जमा कराए गए और एम्पेडा द्वारा गठित हैचरी निरीक्षण समिति द्वारा हैचरियों का निरीक्षण और संवीक्षा करने के बाद एम्पेडा द्वारा अस्थायी पंजीकरण किया जाता है और हैचरियों की सूची तटवर्ती जलकृषि प्राधिकरण को समीक्षा करने के लिए भेजी जाती है, जिन्हें अंतिम अनुमोदन के लिए प्राधिकरण के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है। झींगा हैचरियों को पंजीकृत करने के लिए हैचरी मालिकों को जानकारी देने के लिए व्यापक रूप से प्रचार प्रसार किया गया था। अब तक, एम्पेडा द्वारा लगभग 150 हैचरियों को अस्थायी रूप से पंजीकृत किया गया है। एम्पेडा द्वारा हैचरियों के पंजीकरण के लिए सभी आवेदनों को मूल रूप से संवीक्षा और समीक्षा के लिए सीएए को भेजे जाने के लिए कहा जाएगा। सभी हैचरियों के पंजीकरण को सुविधाजनक बनाने के लिए एम्पेडा द्वारा निर्धारित नई और पुनरूद्धार की गई हैचरियों के पंजीकरण के लिए समय सीमा को अलग रखा गया है।

(iv) एसपीएफ एल.वन्नामई पालन – वर्तमान स्थिति

- सीएए एसपीएफ ए.वन्नामई (ब्रूडस्टॉक की गुणवत्ता, आयात, बीज उत्पादन और पालन) के लिए दिशानिर्देश तैयार करके एनएफडीबी से वित्तीय सहायता के साथ नीलकरई, चेन्नई में जलकृषि के लिए में स्थापित जलीय संगरोध सुविधा को प्रचालित करने में निकटता से लगा हुआ था।
- सीएए ने सीआईबीए, एनएफबीडी और एम्पेडा जैसे अन्य संबंधित संगठनों के साथ परामर्श में संभावित आपूर्तिकर्ताओं के साथ गहन विचार विमर्श कर आनुवंशिक आधार पर रोग की स्थिति के आधार पर एसपीएफ एल वन्नामई ब्रूडस्टाक के आपूर्तिकर्ता को चुनने का कार्य किया।
- पोस्ट लार्वा के उत्पादन और बिक्री के साथ–साथ ब्रूडस्टाक एल वन्नामई के आयात के लिए उपयुक्त हैचरियों को चुनने के लिए भी यही प्रक्रिया की गई थी।
- सीएए ने सीबा के सहयोग से हैचरियों और फार्मों के लिए दिशानिर्देश तैयार किए हैं।; आवेदन का फार्मेट भी तैयार किया गया और वेबसाइट में रखा गया है। आवेदनों की गहन संवीक्षा के बाद, पशुपालन, डेयरी और मत्स्यपालन विभाग द्वारा गठित निरीक्षण समिति द्वारा हैचरियों का निरीक्षण किया गया।
- अनुमोदन जारी करने से पहले फार्म साइट, सुविधाओं इत्यादि का निरीक्षण किया गया और उसके बाद फार्मों का चुनाव किया जाएगा।

एल.वन्नामई के बीज उत्पादन तथा ब्रूडस्टाक आयात के लिए अपनाई गई प्रक्रियाएं

- कृषि मंत्रालय द्वारा अधिसूचित दिशानिर्देश के अनुसार, तटवर्ती जलकृषि प्राधिकरण को एसपीएफ एल.वन्नामई ब्रूडस्टाक के आयात के लिए और बिक्री के लिए पोस्टलार्वा उत्पादन के लिए हैचरियों को अनुमति प्रदान करने का कार्य सौंपा गया था।
- तद्नुसार, सीएए ने एनएफडीबी, सीआईबीए और एम्पेडा से परामर्श के बाद विश्वव्यापी स्तर पर विज्ञापन के जरिए एसपीएफ एल वन्नामई के छः ब्रूडस्टाक आपूर्ति करने वालों की पहचान की, जिनसे हैचरी मालिकों को ब्रूडस्टाक के आयात के लिए अनुमति दी गई है।
- एसपीएफ एल. वन्नामई के पालन के लिए हैचरी मालिकों से आवेदन आमंत्रित करने के लिए प्रमुख समाचार पत्रों में भी एक विज्ञापन जारी किया गया था तथा सुविधाओं के निरीक्षण के आधार पर प्रजनन तथा ब्रूडस्टाक के आयात की अनुमति 24 हैचरियों को जारी की गई।



आरेख.12 एसपीएफ एल. वैन्नामई हैचरियों के राज्यवार वितरण एल. वन्नामई हैचरी का अन्दर का दृष्य

- हैचरियों की छंटनी के लिए एक तकनीकी मूल्यांकन समिति का गठन किया गया। 50 आवेदन प्राप्त हुए और संवीक्षा करने के बाद, पशुपालन, डेयरी और मत्स्यपालन विभाग द्वारा गठित निरीक्षण समिति ने दो आवेदनों को निरस्त किया तथा 48 हैचरियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण समिति की सिफारिशों के आधार पर, एसपीएफ एल वन्नामई के बीज उत्पादन और ब्रूडस्टॉक के आयात के लिए 24 हैचरियों (आन्ध्र प्रदेश में 15, तमिलनाडु में 8 तथा गुजरात में 1) को अनुमोदन प्रदान किया गया।
- अनुमति पत्र (एलओपी) पशुपालन, डेयरी और मत्स्यपालन विभाग के दिशानिर्देशों में दिए गए निबंधन एवं शर्तों के अनुसार उन्हें जारी किए गए जिन्हें एसपीएफ एल वन्नामई के आयात तथा बीज उत्पादन की अनुमति का सुझाव कमेटी ने दिए थे।

एसपीएफ एल.वैन्नामई पालन के लिए झींगा फार्मों को अनुमति

एसपीएफ एल. वैन्नामई पालन के लिए अनुमति प्रदान करने के लिए फार्मों का निरीक्षण करने के लिए तटीय जलकृषि प्राधिकरण द्वारा एक निरीक्षण दल स्थापित किया गया।

निरीक्षण के जरिए सत्यापित एल. वैन्नामई पालन के लिए जैव सुरक्षा अपेक्षाएं इस प्रकार हैः–

(i) फार्मों की फेंसिंग (केकड़ा फेंसिंग सहित);

(ii) जलाशयों के जरिए जल भराव;

(iii) पक्षियों के लिए डरावा/नेटिंग लगाना;

(iv) अपशिष्ट उपचार प्रणाली स्थापित।

निरीक्षण समिति की सिफारिशों के आधार पर और सदस्य सचिव, सीएए द्वारा और आगे विचार करने पर प्रस्ताव को विचार करने के लिए प्राधिकरण के समक्ष रखा गया था। सीएए के अनुमोदन के अनुसार, संबंधित कृषकों को अनुमति पत्र (एलओपी) जारी किया गया था। रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान अनुमति प्रदान की गई फार्मों का राज्यवार विवरण चित्र–3 में दिया गया।

सारणि 3: अप्रैल 2009–मार्च 2010 के दौरान अनुमति प्रदान की गई फार्मों का राज्यवार विवरण

क्र.सं.	राज्य का नाम	फार्मों की संख्या
1.	आन्ध्र प्रदेश	87
2.	तमिलनाडु	06
3.	महाराष्ट्र	10
4.	गुजरात	04



आरेख.13 अप्रैल 2009–मार्च 2010 के दौरान अनुमति प्रदान की गई फार्मों का राज्यवार विवरण

एसपीएफ एल. वैन्नामई हैचरियों और फार्मों की मानिटरिंग

- सीएए अधिकारियों द्वारा एसपीएफ एल. वैन्नामई बीज उत्पादन के लिए सीएए द्वारा अनुमति प्रदान की गई कुल तेरह (13) हैचरियों (तमिलनाडु में आठ और आन्ध्र प्रदेश में पांच) की मानिटरिंग की गई।
- रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान, सीएए के अधिकारियों द्वारा एसपीएफ एल. वैन्नामई पालन के लिए आन्ध्र प्रदेश में सीएए द्वारा अनुमति प्रदान की गई, तीन (3) फार्मों की मानिटरिंग की गई।
